tion is being collected, and to the extent available, will be laid on the Table of the House.

बोकारो इस्पात संयंत्र में कर्मचारीवृंद को भुगतान किया गया समयोपरि भत्ता

82. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की कुल संख्या क्या है ;

(ख) क्या उत्पादन वृद्धि और लक्ष्य प्राप्ति के लिये समयोपरि कार्य भी कराया जाता है; और

(ग) यदि हां, तो नवम्बर, 1989 से नवम्बर, 1990 की अवधि के दौरान कर्मचारियों को समयोपरि भत्ते के रूप में कितनी राशि का भुगतान किया गया ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बसवराज पाटिल) : (क) बोकारो इस्पात संयंत्र में 1-12-1990 की स्थिति के अनुसार कर्मचारियों की कुल संख्या 46,454 है, जिसमें 41,686 गैर-कार्यपालक कर्मचारी हैं ।

(ख) जी, नहीं । बोकारो इस्पात संयंत्र केवल आकस्मिक जरूरतों के लिए समयोपरि भत्ता देता है । उत्पादन बढाने अथवा उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समयोपरि भत्ते का भुगतान नहीं किया जाता है।

(ग) नवम्बर, 1989 से नवम्बर, 1990 की अवधि के दौरान बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा 12,34,692/- रु. की राशि समयोपरि भत्ते के रूप में भुगतान की गई, जिसमें से कर्मशाला प्रभाग के कर्मचारियों को केवल 2,92,880/-रु की राशि का भुगतान किया गया।

पंजाब नेशनल बैंक, औरंगाबाद, बिहार में डकैती

83. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार के औरंगाबाद जिले में पंजाब नेशनल बैंक की देव स्थित शाखा में अक्तूबर, 1990 में डकैती की कोई घटना हुई थी ;

(ख) यदि हां, तो लूटी गयी राशि का ब्यौरा क्या है और क्या अभियुक्तों की पहचान कर ली गयी है ; और

(ग) क्या उक्त घटना में कोई बैंक अधिकारी भी शामिल है ?

वित्त मंत्रालय में उप मंत्री और विदेश मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दिग्विजय सिंह) : (क) से (ग) पंजाब नेशनल बैंक से प्राप्त सूचना के अनुसार पंजाब नेशनल बैंक की जिला औरंगाबाद बिहार की देव स्थित शाखा से तीन व्यक्तियों ने दिनांक 29 अक्तूबर, 1990 को 9,93,500/- रु० लूटे थे । उनका पीछा करने पर मुठभेड़ में उनमें से एक व्यक्ति मारा गया, एक गिरफ्तार किया गया और तीसरा भाग गया । उनसे 6 लाख रुपए बरामद किए गए थे । बैंक के अनुसार इस घटना में किसी कर्मचारी के शामिल होने के बारे में कोई सूचना नहीं है ।

Environmental Pollution in Rourkela

84. SHRIMATI SATYA BAHIN: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that environ mental pollution in Rourkela has assum ed alarming proportions due to leakagfe of Blast Furnace Gas; j

(to) whether it is a fact that most of the dust catchers installed in Rourkela Steel Plant are not working leading to atmospheric pollution;

(c) whether it is also a fact that in the Steel Plant and its adjoining areas the at-